<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

<u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>अजीतपुर (बरा) में किसान चौपाल आयोजित</u>

पन्तनगर। 14 मार्च 2023। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली), मेरठ द्वारा वित्त पोषित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना– फ्रिजवाल के अन्तर्गत ग्राम अजीतपुर (बरा) में किसान चौपाल का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन डा. सी.बी. सिंह, परियोजना अधिकारी, अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना– फ्रिजवाल, पशुचिकित्सा महाविद्यालय, पंतनगर द्वारा किया गया। परियोजना अधिकारी ने सभी गौ–पालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों के उत्साहवर्धन के साथ–साथ पशु प्रबन्धन के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला।

किसान चौपाल के दौरान गौ–पालकों की समस्याओं का समाधान किया गया। परियोजना अधिकारी डा. सी.बी. सिंह ने परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशुपालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। परियोजना टीम के सदस्यों द्वारा पशुपालकों को सम्बोधित करते हुए पशुपालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशुपालन करने के लिए पशुपालकों का आह्वान किया। शिविर का संचालन शिवांशु तिवारी (वरिष्ठ शोध अध्येता) द्वारा किया गया। गौ–पालकों का पंजीकरण एवं धन्यवाद प्रस्ताव कुमारी अराधना फुलार द्वारा किया गया। शिविर में 30 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

शिविर में पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्रदान करते वैज्ञानिक।